# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

## छात्र कल्याण विभाग

युवोत्सव Unifest - 2025

**साहित्योत्सव 12-13 अगस्त, 2025**

## प्रतियोगिताओं के सामान्य नियम

1. प्रतियोगिताओं में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित डिग्री/डिप्लोमा/एक वर्षीय पाठ्यक्रमों के पूर्ण कालिक विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे जिनकी आयु दिनांक 1 जनवरी 2025 को 25 वर्ष से कम हो। इसके लिये उन्हें प्राचार्य/सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित अधिकृत परिचय–पत्र फोटो सहित व आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण किये 7 वर्ष से अधिक हो गये है भाग नहीं ले पायेंगे।

2. एक विद्यार्थी एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है लेकिन इसके लिये साहित्योत्सव का कार्यक्रम अवश्य देख लें।

3. सभी प्रतियोगियों से अपेक्षा की जाती है कि वह समारोह के नियमों तथा अनुशासन का पूर्णतया पालन करें। ऐसा न होने पर सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग की प्रतियोगी टीम/विद्यार्थियों को तीन वर्ष के लिये विश्वविद्यालय की साहित्यिक/सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से वंचित किया जा सकता है।

4. किसी विवादास्पद मामले पर टीम प्रभारी आयोजन समिति, ज्यूरी आफ अपील को लिखित प्रत्यावेदन देंगे।

5. प्रतियोगी दलों की यात्रा आदि व्यय की व्यवस्था सम्बन्धित संस्था को स्वयं करनी होगी । संगीत, संगतकार (accompanist), वाद्ययन्त्र, वेशभूषा, मेकअप, ललित कला सामग्री प्रतियोगी दल को ही लानी होगी ।

6. किसी भी प्रतियोगिता में रिकार्डेड, फिल्मी संगीत की अनुमति नहीं होगी ।

7. प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को (टीम के सदस्य) बनने पर राज्य/उत्तर क्षेत्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जाना आवश्यक होगा। महाविद्यालय अपनी टीम भेजते समय इस बात को सुनिश्चित कर लें कि विजयी प्रतिभागी आगे की प्रतियोगिताओं में भी विश्वविद्यालय की टीम के सदस्य के रूप में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे ।

8. प्रतियोगिता के समय प्रतिभागी अपने महाविद्यालय की यूनिफार्म में प्रस्तुति नहीं कर सकेंगें।

9. प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी मंच पर आग एव किसी भी प्रकार के उपकरणों को प्रयोग न करें। जिससे मंच व कार्यक्रम स्थल पर गन्दगी या हानि हो। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रतिभागी व उसके महाविद्यालय की होगी।